>

Title: Request the government to control pollutiondue to dust and smoke coming from industries in Navi, Mumbai.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): महोदय, धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे के अंतर्गत आने वाले नवी मुम्बई शहर में बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से यहाँ पर बड़े पैमाने पर कम्पनियों और कारखानों द्वारा अवैध रूप से छोड़े जा रहे दूषित पानी और धुएं के चलते प्रदूषण खतरनाक स्तर से ऊपर है । इसके कारण अस्थमा एवं हार्ट के रोग तथा अन्य परेशानियों से जूझ रहे लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ रही हैं । इस क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विशेष रूप से प्रदूषण को रोकने में असफल रहा है । इसके अलावा हाल में महानगरपालिका की तरफ से इसका सर्वेक्षण किया था । इस दौरान भी हवा में धूल कण की मात्रा अधिक पाई गई । केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कल शाम 4 बजे के आंकड़ों के हिसाब से नवी मुम्बई शहर में सामान्य एयर क्वालिटी इंडेक्स 179 है, जबकि सामान्य रूप से यह 0 से 50 के बीच रहना चाहिए ।

अंत में, मैं आपके माध्यम से माननीय केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि नवी मुम्बई में बढ़ते हुए धूल के कणों के साथ ही कम्पनियों द्वारा छोड़े जा रहे प्रदूषित धुआं और दूषित पानी को कम करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा उचित कदम उठाए जाएं ।…(व्यवधान)